# हरियाणा विधान सभा

(17 मार्च, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

## तारांकित प्रश्न

## 17 मार्च, 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

## सड़कों का निर्माण करना

***41** **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा)ः**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि समालखा में जी.टी रोड पर पुराने बस अड्डे के नजदीक उपरि पुल का निर्माण किया गया है तथा उपरि पुल के दोनों तरफ की सड़कों की हालत बहुत खराब है जिसके कारण प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा राज्य सरकार तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण उक्त सड़कों की मरम्मत नहीं कर रहा है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त दोनों सड़कों के कब तक मरम्मत/निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## अवैध पुलों को हटाना

***42** **श्री मेवा सिंह (लाडवा)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) कुरूक्षेत्र जी.टी रोड से झांसा तक सरस्वती नदी पर निर्मित किये गए पुलों की संख्या कितनी है तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित किए गए पुलों की संख्या कितनी है तथा इन पुलों में से अवैध पुलों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) उक्त अवैध पुलों को हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं क्योंकि कुरूक्षेत्र शहर में दर्जनों कॉलोनियों  में उक्त अवैध पुलों के कारण कई फिट तक पानी भर जाता है तथा शहर के आसपास के दर्जनों गांवो की हजारों एकड़ भूमि की फसलें जल भराव के कारण खराब हो जाती हैं ?

----

## पिछड़ा वर्ग की सूची में कुरैशी जाति को शामिल करना

***43 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य में पिछड़े वर्गों की सूची में कुरैशी (कसाई) जाति (मुस्लिम अल्पसंख्यक) को शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो उसके  कारण क्या हैं ?

----

## बकाया कृषि ऋण की राशि

***44 श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या वर्तमान में राज्य के किसानों पर कोई कृषि ऋण बकाया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त (क) में वर्णित बकाया कृषि ऋण की कुल राशि कितनी है तथा उन किसानों की कुल संख्या कितनी है जिनके  विरूद्ध राशि लंबित है तथा उसका जिलेवार ब्यौरा क्या है ?

----

## जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत की गई राशि

***45 श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर):**

क्या  जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गन्नौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में अब तक कितनी राशि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत की गई है; तथा

(ख) अब तक पूरे किए गए कार्य की प्रतिशतता कितनी है ?

----

## विस्थापित परिवारों का पुनर्वास

***46 श्री गोपाल कांडा ( सिरसा):**

क्या विरासत एवं पर्यटन मंत्री  कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पुरातत्व विभाग द्वारा सिरसा में थेहड़ के लगभग 800 परिवारों को विस्थापित किया गया था तथा हाऊसिंग बोर्ड के फ्लैटों में अस्थाई रूप से बसाया गया था;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त विस्थापित परिवारों के स्थाई निवास के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने आदेश दिया गया है परन्तु अब तक इनके स्थाई निवास के लिए प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई; तथा
(ग) क्या उपरोक्त परिवारों को स्थाई निवास उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

----

## आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य

***47 श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि थानेसर के गांव फतेहपुर में 100 एकड़ की भूमि पर आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य होना था जिसके लिए वर्ष 2018 में चारदीवारी का निर्माण हुआ था तथा बजट सत्र 2019-2020 के दौरान सरकार द्वारा आयुष विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के लिए 100 करोड़ रूपये का बजट भी आबंटित किया गया था; तथा
(ख) यदि हां, तो आयुष विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र का निर्माण कार्य अब तक शुरू न करने के क्या कारण हैं तथा विभाग द्वारा 100 करोड़ रूपये का बजट सरकार को वापिस करने के क्या कारण है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## खेतों से पानी की निकासी करना

***48 श्री जयवीर सिंह (खरखोदा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि खरखौदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों गोरड़, भदाना, रोहट, खुर्मपुर, बिधलान तथा रिढाऊ के खेतों से पानी की निकासी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## निर्माण कार्य पूरे करना

***49 श्री बिशन लाल सैनी ( रादौर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि रादौर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव तथा शहर का कुछ क्षेत्र नगर निगम, यमुनानगर के वार्डों के दायरे में पड़ते हैं;
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त क्षेत्रों में सामुदायिक केन्द्र, अम्बेडकर भवन तथा अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों की चौपालों की संख्या कितनी है जिनका निर्माण कार्य लंबित है; तथा

(ग) क्या उपरोक्त कार्यों को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इनके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## अवैध/ अनधिकृत इमारतों पर कार्यवाही करना

*50 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में अनूसूचित सड़कों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर ग्रीन बैल्ट पर बहुत से अवैध/अनधिकृत इमारतों निर्माण किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान उपरोक्त स्थानों से उक्त अवैध/अनधिकृत इमारतों को हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास करना

*51 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या जाटूसाना महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की जा रही है?

----

## बस अड्डे का निर्माण करना

*52 **श्री संजय सिंह ( सोहना):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) सोहना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के तावडू क्षेत्र में बड़े बस अड्डे का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## भ्रष्टाचार पर उच्च स्तरीय समिति

*53 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, फरीदाबाद में 200 करोड़ रूपये के घोटाले के

उजागर होने के बाद मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है;
(ख) यदि हां, तो उक्त उच्च स्तरीय समिति के गठन के बाद भ्रष्टाचार पर इसकी कितनी बैठक हुई; तथा

(ग) उक्त समिति के गठन के बाद इसके द्वारा प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या कितनी है तथा इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या

*54 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में पूर्ण रूप से कार्य कर रहे भवनों की संख्या कितनी है तथा स्कूल के भवनों में चल रहे आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है जो अच्छी हालत में है;
(ख) क्या डबवाली के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय तथा रसोई कार्यात्मक है; यदि नहीं, तो उक्त कुल सुविधाओं/सुविधा से रहित केन्द्रों का डेटा (ब्यौरा) क्या है; तथा
(ग) उन आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है जिनमें वर्कर तथा हैल्पर नहीं हैं तथा उन वर्करों की संख्या कितनी है जिन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ?

----

## ई.एस.आई. औषधालय का दर्जा बढ़ाना

*55 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या श्रम राज्य मंत्री कृपया बताएंगे-

(क) क्या जीन्द शहर के ई.एस.आई. स्वास्थ्य औषधालय का दर्जा 30 बैड के अस्पताल के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त औषधालय का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## विशेष गिरदावरी करवाने के लिए

*56 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि इस वर्ष खरीफ तथा रबी की फसलों के लिए विशेष गिरदावरी करवाने के पश्चात् किसानों को सरकार द्वारा मुआवजा प्रदान किया गया है;
(ख) यदि हां, तो फसलों के लिए प्रति एकड़ कितनी राशि आबंटित की गई तथा उन

फसलों के नाम क्या हैं; तथा
(ग) किसानों के ग्रामवार नाम क्या हैं जिन्हें मुआवजा प्रदान किया गया है तथा बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गत तीन वर्षों के दौरान कितनी राशि जारी की गई ?

----

## पुराने बस अड्डे की भूमि का उपयोग करना

*57 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर शहर में नए बस अड्डे के निर्माण के बाद पुराने बस अड्डे की भूमि बुरी अवस्था में है तथा बस अड्डे के पुराने भवन में असामाजिक तत्वों के घूमने के कारण कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त भूमि शहर की मुख्य/प्रमुख भूमि है; तथा
(ग) क्या उपरोक्त मुख्य भूमि के उपयोग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत विकास कार्य पूरे करना

*58 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बड़ौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में दिनांक 30.03.2021 को विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए रूपये 1,99,10,000 की राशि जारी की गई थी तथा उक्त घोषणा के अन्तर्गत पूरे किए गए कार्यों की संख्या कितनी है तथा कितने कार्य अधूरे पड़े हैं; तथा
(ख) इन कार्यों के अब तक पूरा न किए जाने के क्या कारण हैं तथा उक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## ड्रॉपआउट प्रतिशतता कम करना

*59 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के स्कूलों में कन्या छात्राओं की ड्रॉपआउट प्रतिशत कितनी है तथा उक्त ड्रॉपआउट प्रतिशतता को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गये या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराना

***60 श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) बाढडा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के चिड़िया, नौसवा, मकडाना, मकड़ानी, छिल्लर, नौरंगाबास राजपूताण, नौरंगाबास जाटान, आदमपुर, डाढ़ी बाना, बलाली, ढाणी गुजराण, मंदौला, मंदौली, घसौला, बलकरा, कलाली, कलियाणा इत्यादि गांवों में पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; तथा

(ख) क्या गांव महराणा में जलघर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**17 मार्च, 2023.** **सचिव**